तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 10 अगस्त 2025




बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना व ध्वजारोहण कर रैली... 12



रक्षाबंधन का त्योहार अचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया... 12








## खबर संक्षेप

### सेजेस कोड़ेकुर्सी के छात्राओं ने जवानों के साथ मनाई राखी



**दुर्गूकोदल।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोड़ेकुसे के बच्चों ने प्रत्येक जवानों को पहले तिलक और अक्षत लगाकर आरती की एवं पुष्प छिड़ककर मिठाई खिलाई, फिर हाथ की कलाई पर छोटे छोटे नन्हे छात्रों ने रक्षा सूत्र बांधा। रक्षा बंधन में देखा गया है,हमारे जवान अपनी बहनों से रखी बंधवाने घर नहीं जा पाते, उनकी हाथों की कलाई कही सुनी ना रहे, इसलिए नन्हे बच्चों ने राखी बांधकर रक्षा बंधन का त्यौहार जवानों के साथ मनाया।

### वीरों के सम्मान में लीगल सर्विसेज क्लिनिक शुरू



**कांकेर।** नालसा वीर परिवार सहायता योजना के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में लीगल सर्विसेस क्लीनिक का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आनंद कुमार ध्रुव द्वारा किया गया। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च शेष पेज 10 पर

पर्व : महिलाओं ने बीएसएफ और पुलिस जवानों को राखी बांध मनाया उत्सव

# प्रेम व सद्भावना का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन पर अंचल में भाई-बहनों का छलका उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिलेभर में भाई-बहन के अटूट प्रेम और रक्षा के संकल्प का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व इस वर्ष भी परंपरागत उल्लास, भक्ति और भावनाओं के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गाँवों तक, मंदिरों से लेकर घरों तक, हर स्थान रक्षाबंधन के रंग में रंगा नजर आया। सुबह से ही बाजारों में रौनक थी और बहनों के चेहरे पर अपने भाइयों से मिलने की उत्सुकता झलक रही थी। रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख पर्व है, जो प्रत्येक वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बाँधती हैं शेष पेज 10 पर

- डाक विभाग और कूरियर सेवाओं ने राखी भेजने की बेहतर व्यवस्था की



### डाक विभाग और ऑनलाइन सेवाओं ने निभाई अहम भूमिका

बहनें जो अपने भाइयों से दूर हैं, उनके लिए डाक विभाग और कूरियर सेवाएं किसी वरदान से कम नहीं रहीं। इस वर्ष डाक विभाग ने स्पेशल राखी कवर जारी किया और हजारों राखियाँ देश के विभिन्न कोनों तक समय पर पहुँचाई गईं। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने राखी, मिठाई और उपहारों की होम डिलीवरी कर रक्षाबंधन को आसान बना दिया।

### 94 बटालियन के बीएसएफ जवानों के साथ मनाई राखी

**कापसी।** चुनौतियों और जोखिमों के बीच डटी सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के 94 बटालियन ने टैक मुख्यालय बांदे में रक्षाबंधन का पर्व देशभक्ति और भाईचारे की अनूठी मिसाल के साथ मनाया। इस मौके पर कमांडेंट राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पाँच अधिकारी और 100 से अधिक बीएसएफ जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य और बांदे समिति की बहनें विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। बहनों ने जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर न केवल उनका आशीर्वाद लिया, बल्कि उनके त्याग और बलिदान के प्रति सम्मान भी व्यक्त किया। जवानों ने कहा कि ऐसे अवसर उन्हें अपने घर-परिवार की याद दिलाते हैं और कठिन परिस्थितियों में भी सेवा के संकल्प को और मजबूत करते हैं। कमांडेंट राघवेंद्र सिंह ने बहनों के स्नेह और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया, मिठाई व उपहार भेंट किए और आग्रह किया कि वे भविष्य में भी इस परंपरा को बनाए रखें। ऐसे आयोजनों से बीएसएफ न केवल देश की पहली रक्षा पंक्ति के रूप में बल्कि जन-जन के बीच विश्वास, एकता और सम्मान के प्रतीक के रूप में अपनी पहचान को और सशक्त करता है।

# पॉलिटेक्निक परिसर में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

राजा धरमन कंडरा की याद मे बनी प्रतिमा शासकीय पॉलेटेकनिक कालेज नाथिया नवागांव के सामने कंडरा आदिवासी समाज के सदस्यों ने 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया। इस दौरान धरमन देव की प्रतिमा में पूजा अर्चना व माल्यार्पूण किया गया।


कांकेर रियासत के आदिवासी कंडरा राजा धरमन यानी धर्मदेव कंडरा जनजाति के एक प्रमुख थे, जिन्होंने 14 वी शताब्दी मे कांकेर पर शासन किया था। उन्होंने सोमवंशी राजाओं को हराकर सत्ता हासिल की और अपनी राजधानी गढिया पाहड़ पर स्थापित किया। प्रतिमा के स्थापना के यह पहला मौका था जब कंडरा आदिवासियों ने आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम किया जिसे भविष्य मे निरंतर रखने का संकल्प लिऐ है। कार्यक्रम में देवप्रकाश उईके, ताम्रध्वज मंड़ावी, रंजीत, आरती नेताम, लक्ष्मीनारायण मंड़ावी, संजीव मंड़ावी, मुक्ता योगेश्वर मंड़ावी, केशव शोरी, ईश्वरी मंड़ावी, विन्दा नेताम, जितेन्द्र नेताम, लवकुश नेताम, मानबाई मंड़ावी, देवचंद, राधेश्याम मंड़ावी, सुस्वणी, योगेश्वरी आदि का उत्साह जनक सहयोग प्रेरणादायक रही ।

## मोर तिरंगा अभिमान की सफलता के लिए भाजपा ने की कार्यशाला

**अंतागढ़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अंतागढ़ द्वारा केंद्र सरकार एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी मंडल अंतागढ़ द्वारा मोर तिरंगा, मोर अभिमान को सफल बनाने कार्यशाला का आयोजन विधायक कार्यालय में किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए रणनीति तैयार किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी विजय मंडावी व रत्नेश सिंह एवं स्थानीय पदाधिकारी के उपस्थिति में सबसे पहले भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर तिलक वंदन कर



कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यकर्ताओं को तिरंगे के सम्मान, इतिहास और शेष पेज 10 पर



# शिक्षा गुणवत्ता के लिए विद्यालय स्तर पर माइक्रो प्लान बनाने बैठक में निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

शासन के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण के माध्यम से ऐसे विद्यालय जहां शिक्षक नहीं थे अर्थात एकल शिक्षक व शिक्षक विहीन विद्यालयों में शत प्रतिशत शिक्षकों की व्यवस्था किया गया है। जिन विद्यालयों में शिक्षक नहीं है, वहां पर डीएमएफ मद से अतिथि शिक्षक की व्यवस्था की जा रही है। शासन द्वारा जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन आयोजित कर सीधे स्थानीय गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों को शैक्षणिक गुणवत्ता से अवगत कराया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने उत्कृष्ट विद्यालय शेष पेज 10 पर

- जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों एवं सीआरसी की ली बैठक

### मासिक टेस्ट और मूल्यांकन पर ध्यान दें



आयोजित बैठक में उनके द्वारा शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए विद्यालय स्तर पर माइक्रो प्लानिंग कर मूर्तरूप देने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने नवीन शैक्षणिक सत्र में एक भी छात्र शिक्षा से वंचित ना हो इसके लिए सामूहिक प्रयास करने पर बल दिया। उनके द्वारा प्रत्येक विद्यालयों के मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली गई तथा व्यवस्था में आवश्यक सुधार करने हेतु कहा गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये गए। उन्होंने माह अगस्त में ही विषय विशेषज्ञों की बैठक करने, प्रत्येक माह मासिक टेस्ट का आयोजन व मूल्यांकन करने, विद्यालय के विषय विशेषज्ञों के साथ समन्वय बनाकर समय सीमा में कार्य सम्पन्न करने उन्होने निर्देशित करने हुए कहा कि हर हाल में माह दिसम्बर तक बोर्ड कक्षाओं के कोर्स पूर्ण हो जाना चाहिए। त्रैमासिक एवं छमाही व प्री-बोर्ड की परीक्षा जिला स्तर से की जावेगी। बोर्ड कक्षा के पाठ्यक्रम माह दिसम्बर के पूर्व ही तैयारी करने, माह सितम्बर से ही एनएमएमएससी, जेएनवी, जेईई एवं नीट, एनडीए की अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन करने के निर्देश दिये गये तथा विद्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहा गया।






### भाजयुमो ने विधायक नेताम के जन्मदिन पर किया रक्तदान



**कांकेर।** विधायक कांकेर आशाराम नेताम के जन्मदिन पर भारतीय जानता युवा मोर्चा शहर मंडल कांकेर द्वारा कोमल देव जिला अस्पताल में रक्तदान कर मरीजों को फल वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, कोषाध्यक्ष राजा देवनानी, दिनेश रजक, ईश्वर कावड़े, उत्तम जैन, दीपक खटवानी, चुनेश्वर सिंह, नीलू तिवारी, बृजमोहन तिवारी, योगेश साहू, विजय लखवानी, पार्षद मंजू सारथी, चित्ररेखा जैन, अंशु शुक्ला, नारायण पोटाई, युवा मोर्चा अध्यक्ष घनेन्द्र ठाकुर, महामंत्री पीयूष वलेचा, जातिन अटभैया, अंकित तिवारी, चिन्मय लोन्हारे, आदित्य शर्मा, सूरज शर्मा, शुभम एवं अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### वन विभाग ने पेड़ को बांधी राखी

**कोण्डागांव।** वन विभाग, कोंडागांव ने इस साल भी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एक अनूठी पहल की। विभाग की पूरी टीम ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम लिखी हुई 5 फुट की एक विशाल राखी बनाई और उसे एक पेड़ पर बाँधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पेड़ को राखी बांधकर उसकी रक्षा का संकल्प लिया। पेड़ों को माँ का दर्जा देते हुए, उन्होंने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन, फल, छाया और जीवन देते हैं। यह पहल लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और वृक्षों के महत्व को समझाने का एक अच्छा प्रयास है।

### आत्मानंद विद्यालय में हुआ इंटर्नशिप कार्यक्रम

**केशकाल।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में 4 अगस्त से 8 अगस्त तक पांच दिवसीय तकनीकी इंटर्नशिप कार्यक्रम एआई एंड मशीन लर्निंग यूजिंग पायथन प्रोग्रामिंग का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। नवाचारपूर्ण प्रशिक्षण एनआईईएलआईटी ने आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भविष्य की उन्नत तकनीकों से परिचित कराना तथा उनके भीतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण व तकनीकी सोच का विकास करना रहा। इस प्रशिक्षण में मैट्स यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष एवं राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. जुबेर खान एवं सहायक प्राध्यापक सुश्री मंजू बंजारे ने विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की भूमिका निभाई। इन विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग जैसी जटिल विषयवस्तुओं को पायथन प्रोग्रामिंग के माध्यम से सरल व रोचक तरीके से समझाया। छात्रों ने इन विषयों को प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से अनुभव करते हुए अपनी जिज्ञासा, नवाचार और रचनात्मकता को नया रूप दिया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार डड़सेना के कुशल नेतृत्व में इस इंटर्नशिप का आयोजन संभव हुआ। कार्यक्रम के समन्वय व संचालन में व्याख्याता मनीष तिवारी और महाकालेश्वर देहरी की सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने तकनीकी व्यवस्थाओं व छात्र सहभागिता को सशक्त रूप से सुनिश्चित किया।

# हरित ऊर्जा में आत्मनिर्भर हो रहा कोंडागांव, 'पीएम सूर्य घर' योजना में बस्तर में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

हरित ऊर्जा की दिशा में कोंडागांव जिले ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में बड़ी सफलता हासिल की है। इस योजना के तहत, कोंडागांव जिले में अब तक 109 घरों में रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाए जा चुके हैं, जिससे यह जिला पूरे बस्तर संभाग में सबसे अधिक पीएम सूर्य घर वाला जिला बन गया है। यह उपलब्धि कोंडागांव को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के पाँच विकासखंडों में कुल 109 घरों को इस योजना का लाभ मिला है। माकड़ी 71 कनेक्शन, कोण्डागांव 14 कनेक्शन, बड़ेराजपुर 13 कनेक्शन, फरसगांव 10 कनेक्शन, केशकाल 01 कनेक्शन माकड़ी जैसे दूरस्थ विकासखंड में सर्वाधिक कनेक्शन होना इस बात का प्रमाण है कि योजना का लाभ दूर-दराज के क्षेत्रें तक पहुँच रहा है। इस योजना से जिले में सबसे पहले कोंडागांव निवासी बिमल तालुकदार का घर रोशन हुआ था। इसके बाद से विभिन्न शिविरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया, जिससे अब नागरिक अपने घरों में सोलर प्लांट लगाने में रुचि दिखा रहे हैं।

## जिले में लगे 109 रूफ टॉप सोलर प्लांट, माकड़ी विकासखंड में सबसे ज्यादा कनेक्शन



### योजना का उद्देश्य और सब्सिडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस योजना का उद्देश्य देशवासियों को सस्ती, स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा प्रदान करना है। इसके तहत, घरेलू उपभोक्ताओं को रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए आर्थिक सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाता है, जिससे बिजली की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिल रहा है। केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर इस योजना के तहत भारी सब्सिडी दे रही हैं। 1 किलोवाट के लिए 65,000 की लागत पर 45,000 की सब्सिडी। 2 किलोवाट के लिए 1,30,000 की लागत पर 90,000 की सब्सिडी। 3 किल अधिक के लिए 1,95,000 की लागत पर 1,08,000 की सब्सिडी। इसके अलावा, बैंकों द्वारा 10 साल के लिए आसान किश्तों में ऋण सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक विद्युत उपभोक्ता वेब पोर्टल या पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप पर पंजीयन कराकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## अभियान : 25 उच्च शिक्षित युवाओं ने देखा 2 लाख का प्राकृतिक ग्रीनहाउस

# 'भारत निर्माण यात्रा' को मिला जमीनी नवाचार का अनोखा मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

भारत निर्माण यात्रा के अंतर्गत, देश के 11 राज्यों से आए 25 उच्च शिक्षित युवाओं ने मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं रिसर्च सेंटर, चिकलपुटी कोंडागांव का दौरा किया। इंजीनियरिंग, पत्रकारिता और प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रें के ये पेशेवर देश के जमीनी बदलाव में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस यात्र का उद्देश्य जनसरोकारों से जुड़े नवाचारों को प्रत्यक्ष रूप से देखना था।

■ जो 40 लाख के पॉलीहाउस का बना प्रभावी विकल्प

इस यात्रा का मुख्य आकर्षण प्राकृतिक ग्रीनहाउस मॉडल रहा, जिसे मां दंतेश्वरी हर्बल फॉर्म्स ने विकसित किया है। यह मॉडल महंगे और प्लास्टिक-आधारित पॉलीहाउस का एक प्रभावी विकल्प है। जहाँ एक एकड़ का पॉलीहाउस 40 लाख में बनता है, वहीं यह प्राकृतिक ग्रीनहाउस केवल 2 लाख प्रति एकड़ की लागत से तैयार हो जाता है। इसे पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और कम पानी के उपयोग के लिए उत्कृष्ट माना गया। यात्र दल का नेतृत्व कर रहे श्री अनुराग ने प्रतिभागियों को ऑस्ट्रेलियन टीक के साथ अंतरवर्तीय काली मिर्च की जैविक खेती, हल्दी, इंसुलिन प्लांट और टीक वृक्षों के माध्यम से होने वाली प्राकृतिक नाइट्रोजन स्थिरीकरण प्रक्रिया के बारे में बताया।



### एथनो मेडिको फॉरेस्ट और दुर्लभ औषधीय प्रजातियों का संरक्षण

फार्म के निदेशक अनुराग त्रिपाठी और एमडी बोटैनिक्स की निदेशक सुश्री अपूर्वा त्रिपाठी ने सभी को फार्म के अंदर विकसित श्मेडिको फॉरेस्ट श का अवलोकन कराया, जहाँ 22 दुर्लभ औषधीय वनस्पतियों का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहाँ 340 से अधिक औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती की जाती है, जिससे सैकड़ों आदिवासी परिवारों को रोजगार मिल रहा है।

### जनसंवाद और पारंपरिक भोजन का अनुभव

यात्रा के दौरान, युवाओं ने फार्म से जुड़े महिला स्व-सहायता समूहों की प्रमुख सुश्री जसमती नेताम से संवाद किया, जिन्होंने स्थानीय हर्बल अर्थव्यवस्था में महिलाओं के योगदान के बारे में जानकारी दी। स्थानीय आदिवासी किसान प्रतिनिधियों, जैसे कृष्णा नेताम और समली बाई से भी बातचीत हुई, जिससे युवाओं को जमीनी नवाचार और पारंपरिक खेती की वास्तविकताओं से परिचित होने का मौका मिला। दिन भर की इस ज्ञान यात्र का समापन पारंपरिक बस्तरिया भोजन के साथ हुआ, जिसे खेतों के बीच पत्तल में परोसा गया। इसने इस अनुभव को न केवल जानकारीपूर्ण बल्कि आत्मिक रूप से भी समृद्ध बनाया। भारत निर्माण यात्र के आयोजकों का मां दंतेश्वरी हर्बल ग्रुप ने धन्यवाद किया, जिनके प्रयासों से देश के युवा चिंतकों को बस्तर से जुड़ने का अवसर मिला।

# अल्पसंख्यकों पर हमले व आदिवासी प्रताड़ना के खिलाफ सीपीआई ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

सीपीआई कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया जिला परिषद कोण्डागांव के नेताओं ने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों और दुर्ग में आदिवासी युवक-युवतियों के साथ हुए दुर्व्यवहार के खिलाफ कलेक्टर कोण्डागांव को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित किया गया।

■ 7 दिनों में FIR दर्ज करने की मांग, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी

ज्ञापन में कहा गया कि अल्पसंख्यकों को बार-बार धमांतरण, शव दफनाने और गौ-तस्करी जैसे बहानों से निशाना बनाया जा रहा है। इन मामलों में कई बार पीड़ितों की मौत तक हो जाती है, जो बेहद चिंताजनक है।सीपीआई ने दुर्ग की उस घटना पर नाराजगी जताई, जिसमें एक सामान्य वर्ग की महिला ज्योति शर्मा और उनके साथियों द्वारा आदिवासी युवक-युवतियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। वायरल वीडियो को गंभीर बताते हुए इसे 'आदिवासी प्रताड़ना' की श्रेणी में रखा गया है।

### 7 दिन में एफआईआर नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

सीपीआई ने मांग की है कि घटना में संलिप्त सभी लोगों पर एससी-एसटी (एट्रोसिटी) एक्ट के तहत 7 दिन के भीतर एफआईआर दर्ज की जाए। यदि समयसीमा में कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### ज्ञापन सौंपने पहुंचे कई कम्युनिस्ट कार्यकर्ता

ज्ञापन सौंपते समय शैलेष, जयप्रकाश, दिनेश, रामचंद, मुकेश, सोमारु और कौशल समेत कई कम्युनिस्ट कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने एकजुट होकर अल्पसंख्यकों और आदिवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

## फरसगांव थाना परिसर में किया गया पौधा रोपण



*फरसगांव। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज के निर्देशानुसार में बस्तर संभाग के सभी जिलों में /"पोदला उरस्कना वृक्षारोपण कार्यक्रम 2025, /"एक पेड़ शहीदों के नाम पर लगाकर मनाया जा रहा है। इस। कड़ी में शनिवार को कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के मार्गदर्शन में फरसगांव थाना परिसर में पुलिस एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र सहित थाना स्टॉप के पुलिस जवानों के साथ मिलकर थाना परिसर में पौधारोपण किया गया । इस दौरान सहायक उप निरीक्षक पीताम्बर कठार, सुरेन्द्र बघेल, मेजर बिना मंडावी, जयश्री ध्रुव, सलीम तिग्गा सहित पुलिस की अन्य जवान उपस्थित थे ।*

## पेज 9 के शेष

### वीरों के सम्मान...

बलिदान देने वाले वीर सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान एवं सहयोग के लिए नालसा वीर परिवार सहायता योजनांतर्गत महत्वपूर्ण पहल की गई है। शुभारंभ अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विभा पांडे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र, अपर कलेक्टर जितेंद्र कुर्रे, कल्याण संयोजक एसपी त्रिपाठी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्रदेव दवे सहित समस्त लीगल एंड डिफेंस कौंसिल तथा अधिवक्ता संघ के सदस्यगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रेम व सद्भावना...

और उनकी लंबी उम्र, खुशहाली और सफलता की कामना करती हैं। भाई, बहन की रक्षा का वचन देते हैं और उन्हें उपहार स्वरूप स्नेह, प्रेम और सामर्थ्य का प्रतीक भेंट करते हैं। इस वर्ष भी यह पर्व 9 अगस्त को बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बहनों ने पारंपरिक परिधान पहनकर घर को सजाया और पूजा की थाली में रोली, चावल, दीया, मिठाई और राखी सजाकर भाइयों की आरती की। रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है जो केवल धागों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि भावनाओं, यादों और विश्वास का गहरा प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, भाई-बहन एक-दूसरे के लिए ढाल बनकर खड़े रहें। जहाँ एक ओर रक्षाबंधन पारंपरिक रीति-रिवाजों को निभाने का माध्यम है, वहीं यह एक सामाजिक अभियान भी बन चुका है जिसमें परिवार, समाज और राष्ट्र की रक्षा की भावना समाहित है। इस पर्व ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि रिश्ते खून से नहीं, भावनाओं से बनते हैं। एक राखी का धागा लाखों दिलों को जोड़ने का सामर्थ्य रखता है। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में अपने घर लौटने वालों की भीड़ बस अड्डो पर साफ नजर आई। कई यात्रियों ने बताया कि वे चाहे कितने भी दूर क्यों न हों, इस दिन भाई या बहन के पास पहुँचना उनकी प्राथमिकता रहती है।

### मोर तिरंगा अभिमान...

राष्ट्रगौरव को जोड़ते हुए अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। मोर तिरंगा मोर अभिमान एवं घर घर तिरंगा अभियान की भावना के अनुरूप देशभक्ति संगठनात्मक सक्रियता और जन सहभागिता को केंद्र में रखते हुए किया गया। कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक जनसंपर्क करने का आग्रह किया। सभी अतिथियों ने अपने वक्तव्यों में हर घर तिरंगा जैसे जनजागरण अभियान की ऐतिहासिक और राष्ट्र प्रेरक भूमिका पर विस्तार से चर्चा किया। आयोजित कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश सदस्य रामविलास गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, उपाध्यक्ष अमल नवास, मंडल अध्यक्ष महेश उइके, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मरकाम, कार्यालय प्रभारी टीकम तुरतरिया, मंत्री भाव शंकर सलाम महामंत्री कल्पना जैन, मंत्री कुमारी भाई साहू, पार्षद सीमा ठाकुर, उपाध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर, सनत बघेल, संजय ध्रुव व प्रफुल्ल मंडावी उपस्थित रहें।

### शिक्षा गुणवत्ता के...

नरहरदेव के सभा कक्ष में विकासखंड कांकेर, नरहरपुर, चारामा के सभी प्राचार्य, संकुल समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एवं जिला स्तर के अधिकारियों की दो चरणों में बैठक लिया। जिला शिक्षा अधिकारी ने संकुल प्राचार्यों से अपने अधीनस्थ प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के मॉनिटरिंग करने तथा गणवेश पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, भवन की स्थिति और महत्वपूर्ण शिक्षकों की समय पर उपस्थिति पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कोई भी शिक्षक यदि विद्यालय नहीं पहुंचता है तो उसपर अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जावे। नवीन शैक्षणिक सत्र में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय।

# शराब पीने के लिए सुविधा देने वाले पांच दुकानदारों पर की गई कार्रवाई

दुकान की आड़ में चखना भी करा रहे थे उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

पुलिस ने शराब पीने वालों को चखना व जगह उपलब्ध कराने वाले 5 दुकानदारों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थानातंर्गत क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली कि जामगांव रोड की ओर स्थित दुकानों पर मालिकों द्वारा कुछ लोगों को पास- किनारे बैठाकर शराब पीने के लिए चखना डिस्पोजल व पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

लोगों को अपनी दुकान की आड़ में बैठाकर शराब पीने दे रहे हैं, जिससे रोड में आने जाने वाले को दिक्कत हो रही है। पुलिस ने सूचना पर बताए स्थान पर पहुंचकर घेरा बंदी कर रेड कार्रवाई की। दुकान के किनारे शराब पीने वाले पुलिस को देखकर भाग गये।



शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले दुकानदारों प्रोसेनजीत राय पिता श्री अजीत राय जाति कायस्थ उम्र 38 वर्ष निवासी शांति नगर केशकाल, प्रशंजीत राय पिता कुमुंद राय जाति नमोशुद्रो उम्र 32 वर्ष निवासी वंगाली कैम्प बोरगांव केशकाल, विजय कुमार निषाद पिता मानसिंग निषाद उम्र 43 वर्ष निवासी जामगांव केशकाल, लिलधर सिंह राजपूत पिता चैनसिंग राजपूत उम्र 40 वर्ष निवासी बोरगांव डिहीपारा केशकाल, अजय निषाद पिता मानसिंग निषाद उम्र 30 वर्ष निवासी जामगांव केशकाल पर धारा 36 क आबकारी एक्ट के तहत अलग- अलग कार्रवाई की गई। कार्रवाई में उप निरीक्षक धीरेन्द्र ठाकुर, प्र.आर. संजय बिसेन, प्र.आर. मेहतु मण्डावी, धर्मेन्द्र नेगी, जगेश नेताग मनोहर निषाद, अरूण यादव, जीएस. कुलदीप व थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# युकां की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं : अभिषेक



जगदलपुर। भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को राजीव भवन परिसर में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों, कार्यकतार्ओं और वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति में युवा कांग्रेस का ध्वज फहराकर संगठन के गौरवशाली इतिहास और संघर्ष की परंपरा को याद किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने युवा कांग्रेस की स्थापना, उसके उद्देश्य और आज के समय में उसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन ने हमेशा युवाओं को राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस देश की प्रगतिशील, लोकतांत्रिक और सामाजिक न्याय की आवाज है, जिसने समय-समय पर जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया है। जिला युवा कांग्रेस (ग्रामीण) अध्यक्ष अभिषेक डेविड ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि संकल्प लेने का अवसर है कि हम देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे। उन्होंने उपस्थित युवाओं से अपील की कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने में अपनी भूमिका निभाएँ। ध्वजारोहण के पश्चात सभी कार्यकतार्ओं ने एकजुट होकर नारे लगाए और राष्ट्र गान, राष्ट्र गीत गाकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मौर्य, जिला युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष अजय बिसाई, प्रदेश सचिव, सूरज कश्यप, प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह,एन एस यू आई अध्यक्ष विशाल खंबारी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप, संदीप दास, आकिब रजा, साइमा अशरफ, महासचिव सोनारू नाग तरनजीत सिंग,रोशन राज पानी, निकेत झा, अंकित सिंह,विजय ध्रुव आदर्श नायक, मोंटी उस्मान रजा, रजत , खीरेंद्र, समीर व वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

# विश्व आदिवासी दिवस समारोह विश्रामपुरी में हजारों लोग पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

सर्व आदिवासी समाज विकासखंड बडेराजपुर के तत्व दान में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को विश्रामपुरी में 30,000 से ज्यादा की संख्या में देखने को मिला। ब्लॉक मुख्यालय क्रिकेट स्टेडियम ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित हुआ और कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री श्रवण कुमार मरकाम सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक बड़ेराजपुर, मुख्य अतिथि केशकाल विधानसभा विधायक श्री नीलकंठ टेकाम ने स्टेच्यू निर्माण के लिए 20 लाख रुपए सहयोग दिया और आदिवासी समाज चंदा पैसा जमा करके स्टेच्यू स्थापना किया गया। बस्तर संभाग में हो रहे अत्याचार के खिलाफ मुख्यमंत्री जी के नाम से, श्री रामनाथ नेताम बड़ेराजपुर ब्लॉक, को ज्ञापन दिया गया ।

■ विधायक नीलकंठ नेताम ने स्टेच्यू निर्माण के लिए 20 लाख देने की घोषणा की

### विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे

पूर्व विधायक श्री सेवक राम पूर्व विधायक संत राम नेताम, जिला उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज सोनसाय मरकाम, ब्लॉक अध्यक्ष प्रभुलाल केमरो, समस्त विशिष्ट और हमारे ब्लॉक के आदिवासी समाज के द्वारा वृहद रैली के साथ शाहिद गुंडा दूर चौक पुराना थाना के सामने मूर्ति स्थापना किया । रानी दुर्गावती चौक आंजोरी कॉम्प्लेक्स के सामने मूर्ति स्थापना किया और गेदसिंह चौक मंडी गेट के पास सर्व आदिवासी समाज के द्वारा मूर्ति स्थापना किया। मूर्ति स्थापना में उपस्थित गायता ,पटेल, पुजारी और समाज के समस्थ पदाधिकारी गण , जनप्रतिनिधि,सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक पदाधिकारीगढ़ ब्लॉक सचिव - तुलसी नेताम, संरक्षण रंगीलाल मरकाम कोषाध्यक्ष छोटेलाल मरकाम, अध्यक्ष उपखंड बुधराम मंडावी गो स, उपखंड अध्यक्ष शंकर मरकाम उपाध्यक्ष- उग्रेश कुंजाम,आसकरण ,अगरचद , संरक्षक - धनीराम मरकाम, संरक्षक मलोराम नेताम, लखमू , सहसचिव - तुलसीराम नेताम, कोषाध्यक्ष - दिलीप नेताम, प्रवक्ता संतुराम, सलाहकार- शंभूराम चांदेकर सीताराम मरकाम, संगठन प्रभारी दलसाय परस्ते , मीडिया प्रभारी - संतोष मरकाम , कैलाश मरकाम , कार्यकारिणी सदस्य साधु राम नेताम, माखन, देवलाल, जयलाल मरकाम परोड़ , जयलाल बलेंगा, मेघनाथ, पुरषोत्तम, महेंद्र,कारिया , युवा प्रभाग ब्लॉक अध्यक्ष - बलदेव नेताम, युवा प्रभाग सचिव - रविशंकर कोर्राम, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष - जूही शोरी, सह सचिव महिला प्रकोष्ठ - बिमला नेताम, उपाध्यक्ष युवा संगठन सलाहकार- सोमनाथ नेताम , उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ - शांति नेताम, ब्लॉक गोंडवाना युवा प्रभाग अध्यक्ष - अजय मरकाम बड़ेराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष, गोंडवाना ब्लॉक अध्यक्ष, श्री प्रभुलाल केमरो, और सभी पदाधिकारीगण,सदस्य उपस्तिथि थे।

## डोंगरीपारा शाला में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन

# नन्हे हाथों ने पेड़ों को बांधी विशाल राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत करंजी के शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा में रक्षाबंधन पर्व को पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक टी. ऐंकट राव के नेतृत्व में नन्हे विद्यार्थियों ने साल वन में जाकर स्वयं तैयार की गई एक विशाल राखी और 101 आकर्षक राखियों को पेड़ों पर बांधा। पेड़ों को राखी बांधने से पहले बच्चों ने स्कूल परिसर से विशाल राखी लेकर मानव श्रृंखला बनाई और गांव भ्रमण कर जल, जंगल और जमीन के महत्व को बताया। अपने व्यय और परिश्रम से चलाए गए इस जनजागरण अभियान में विद्यालय के शिक्षक और कार्यक्रम के सूत्रधार टी. ऐंकट राव की प्रेरणा सराहनीय रही।



### जनप्रतिनिधियों ने की पहल की सराहना

जनपद सदस्य सविता कोर्राम ने कहा कि ऐसे आयोजन हरे-भरे वनों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में जनचेतना बढ़ाते हैं। टी. ऐंकट राव ने कहा कि नए पौधे लगाने के साथ-साथ बड़े वृक्षों की देखभाल भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि विकास के नाम पर हजारों एकड़ वन क्षेत्र की कटाई हो चुकी है। इस मौके पर ग्राम सरपंच विनोद नेताम, उप सरपंच रामचंद्र मरकाम, जनपद सदस्य सविता कोर्राम सहित कई जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बहनों ने भाइयों को टीक लागाकर बांधी राखी



आज कोंडागांव में रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों और बाजारों में उत्साह का माहौल था। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की। शहर के मुख्य बाजारों में राखी, मिठाई और उपहार की दुकानों पर काफी भीड़ देखी गई। बहनों ने तरह-तरह की सजावटी राखियां खरीदीं और भाइयों को मिठाई खिलाकर इस पवित्र पर्व को मनाया। कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों ने भी रक्षाबंधन का पर्व मनाया, जहाँ बहनों ने सार्वजनिक रूप से भाइयों को राखी बांधी और इस त्योहार के महत्व को उजागर किया।

# गांजा लेकर ओडिशा से यूपी जा रहे नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन की सूचना पर नगरनार पुलिस द्वारा बार्डर में ओडिशा से गांजा लाकर उतरप्रदेश जाने बस का इंतजार कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। तस्करों के कब्जे से 2.34 लाख कीमत का 22.460 किलो गांजा व मोबाईल बरामद कर जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नगरनार निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा ग्राम धनपुंजी मण्डी नाका एनएच 63 के पास खड़े दो लड़के जो अपने साथ ट्राली बैग तथा हैण्ड बैग के अंदर मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से रायपुर की ओर जाने वाली बस का इंतजार कर थे7 पुलिस टीम को देखकर दोनों सहम गए और भागने लगे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। इनमें एक आरोपी ने अपना नाम इजाज खान पिता इकरार खान 18 वर्ष 7 माह निवासी मकसूदपुरा थाना उसैद तहसील दातागंज जिला बदायू उतरप्रदेश का रहने वाला बताया जबकि दूसरा लड़का नाबालिग था। दोनों के कब्जे से 5 पैकेट सेलोटेप से लिपटा हुआ गांजा कुल 22.460 किलो कीमत 2 लाख 24 हजार 6 सौ रूपए व 3 मोबाईल कीमत लगभग 10 हजार रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख)् र्‍ (ग) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।



# बहनों ने बांधी पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों की कलाई में राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सबसे पहले मां भारती, गणेश जी, ओम, मां सरस्वती के छाया चित्र में रक्षा सूत्र चढ़ाया गया पश्चात भैया बहनों को रक्षाबंधन का महत्व बताकर उन्हें रक्षा सूत्र बांधने के लिए दिया गया।

विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि भाई बहनों का यह पवित्र त्यौहार हम सबके लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने भैया बहनों को कृष्ण और द्रोपदी, राजा बलि, यम और लक्ष्मी की कहानी सुना कर रक्षा सूत्र के महत्व को समझाया। सभी आचार्यों व दीदियों ने भैया बहनों को शुभकामनाएं देकर आशीर्वाद दिया। बहनों ने भैया की कलाई में राखी बांधा फिर एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई। विद्यालय के सभी भैया इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ सहभागी बने।

विद्यालय के आचार्य दीदियों व भैया बहनों के द्वारा नगर की पिछड़ी बस्ती व थाना के जवानों को भी रक्षा सूत्र बांधा गया। आचार्य दीदियों ने भैया बहनों को बताया कि राखी का त्यौहार भाई बहनों के अटूट बंधन का त्यौहार है भाई और बहन दोनों एक दूसरे की रक्षा का संकल्प लेते हैं।

यह त्यौहार हमारे जीवन में उत्साह और उमंग लेकर आता है। विद्यालय के भैया बहनो ने गीदम थाना एवं 231वीं बटालियन जावंगा में पहुंचकर सिपाही एवम फौजी भाइयों की कलाई में राखी बांधी। इस दौरान गीदम थाना प्रभारी एवं 231वीं बटालियन के कमांडेंट एवं सहायक कमांडेंट ने भैया बहनों को माता पिता व समाज सेवा करने हेतु मार्गदर्शन दिया।

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू होगा बैडमिंटन का महाकुंभ

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ राज्य बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में बस्तर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 24वीं राज्य स्तरीय सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को प्रातः 11 बजे होगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, अध्यक्षता विधायक चित्रकूट विनायक गोयल, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष ब्रेवरेज कॉरपोरेशन श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पांडे एवं निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन होंगे। बैडमिंटन के इस महाकुंभ में प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में खिलाड़ी 10 से 14 अगस्त तक राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे । इस प्रतियोगिता के तहत वूमेन्स सिंगल एवं डबल्स, मेंस सिंगल एवं डबल्स सहित मिक्स डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने राज्य के सभी जिलों से खिलाड़ी पहुंच रहे हैं। टूनामेंट में अब तक 210 से अधिक खिलाड़ियों की प्रविष्टियां आ चुकी है।

### पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस



बीजापुर। महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जाबकार्डधारी परिवारों को वर्ष भर में 100 दिवस रोजगार उपलब्ध कराये जाने के प्रावधान है। ग्रामीण मजदूरों को प्रत्येक दिवस उनके कार्य के बदले 261 रुपए की मजदूरी प्रदान की जाती है। आयोजित रोजगार दिवस में श्रमिकों को ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्य के बारे में जानकारी व जॉब कार्ड नवीनीकरण और कार्यस्थल पर एनएमएमएस मोबाइल मॉनिटरिंग एवं मजदूरी भुगतान का निरीक्षण हेतु जन मनरेगा एप के माध्यम से जानकारी दिया गया। प्रत्येक माह 7 तारीख को पंचायतों में रोजगार दिवस के आयोजन करने के निर्देश हैं, जिसमें योजनान्तर्गत नवीन प्रावधानों के अलावा जाबकार्ड धारी श्रमिकों की आने वाली समस्याओं का समाधान किया जाता है। जिले की ग्राम पंचायतों में 7 अगस्त को रोजगार दिवस का आयोजन किया गया।

### उसरी में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

घाटलोहंगा। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत उसरी में परंपरा और सांस्कृतिक गौरव के साथ भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासी, युवा प्रकोष्ठ के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत तपेश्वरी माता मंदिर प्रांगण में माता की सेवा अर्जी के साथ हुई, जहां उपस्थित जनों ने अपने पुरखा देवी-देवताओं एवं वीर क्रांतिकारियों को नमन करते हुए ध्वजारोहण किया। युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों ने ग्राम प्रमुखों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पगड़ी पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद रैली का आयोजन किया गया, जो गांव की विभिन्न गलियों से गुजरते हुए मुख्य चौक-चौराहों तक पहुंची। रैली के दौरान युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों ने स्थापित बाबा साहब, मावली माता एवं वीर गुंडाधुर की प्रतिमाओं के समक्ष सेवा अर्जी की।

## स्कूलों में हुआ मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन

# अधिकारी शामिल होकर पालकों व शिक्षकों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य शासन के निदेर्शानुसार और कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिले के सभी शासकीय स्कूलों में मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल,

■ पालकों को विद्यालय की गतिविधियों से जोड़ते हुए बच्चों के समग्र विकास की रणनीति बनाना है

नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने शामिल होकर पालकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूलों में नियमित तौर पर बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, निर्धारित कालखंड के अनुरूप पढ़ाई, मध्यान्ह भोजन का सुचारू संचालन, समुदाय की सहभागिता से न्यौता भोज का आयोजन इत्यादि मसलों पर



विस्तृत चर्चा की। कुल 266 संकुलों के 1526 प्राथमिक शालाओं, 638 माध्यमिक शालाओं, 101 हाईस्कूलों तथा 76 हायर सेकंडरी स्कूलों में मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूलों में एक लाख 17 हजार 265 स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन में 37156 पालकों सहित 3660 स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई।

जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार सभी शासकीय स्कूलों में आयोजित मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन का उद्देश्य पालकों को विद्यालय की गतिविधियों से जोड़ते हुए बच्चों के समग्र विकास हेतु साझा रणनीति बनाना है।

### प्रतीक पंडरीपानी और बघेल पहुंचे बिलौरी स्कूल

सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने हायर सेकंडरी स्कूल पंडरीपानी, अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने हायर सेकंडरी स्कूल बिलौरी तथा नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बालीकोण्टा में पालक-शिक्षक सम्मेलन में शामिल होकर पालकों-शिक्षकों से संवाद किया। इसी तरह जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अलग-अलग स्कूलों के मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन में भाग लेकर इस महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बनने सहित बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु सहभागिता निभाई।

# बहनों ने भाई की कलाई में राखी बांधकर मंगल कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



नगर में रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके मंगलमय भविष्य और दीर्घायु की कामना की। वहीं, भाइयों ने अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। नगर से लेकर गांव तक रक्षाबंधन का उत्साह देखते ही बन रहा था। रक्षाबंधन के इस पवित्र पर्व को लेकर सुबह से ही नगर के मंदिरों में भीड़ उमड़ी रही।

बहनों ने अपने इष्ट देवी-देवताओं की पूजा कर भाइयों के सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। इसके बाद बहनों ने भाइयों के माथे पर रोली और हल्दी का टीका लगाकर उनकी आरती उतारी और कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा।

इस पूरे परंपरागत प्रक्रिया ने माहौल को भावनात्मक और उत्साहपूर्ण बना दिया। रक्षाबंधन श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाने वाला भाई-बहन के अटूट प्रेम और सौहार्द्र का पर्व है। यह पर्व न केवल प्रेम और विश्वास का प्रतीक है, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण लोक पर्व भी है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र, सुख, शांति और समृद्धि की कामना करती हैं।

### सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व

रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नारी अस्मिता, सुचिता और सुरक्षा का संदेश भी देता है। इसके साथ ही, यह पर्व राष्ट्र रक्षा और एकता का भी प्रतीक माना जाता है। बहनों द्वारा बांधा गया यह रक्षा सूत्र भाई के लिए केवल एक धागा नहीं, बल्कि उनके रिश्ते का एक मजबूत बंधन है। नगर और गांवों में रक्षाबंधन का उत्साह पूरे दिन बना रहा। मिठाई की दुकानों और बाजारों में भीड़ देखी गई। बहनों और भाइयों के चेहरों पर खुशी और प्रेम का भाव स्पष्ट झलक रहा था। इस पर्व ने एक बार फिर भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को जीवंत कर दिया। रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते को और गहरा करने के साथ-साथ समाज में प्रेम, सौहार्द्र और एकता का संदेश देता है।

# देवडोंगर के मेगा पालक-बालक बैठक में डिजिटल साक्षरता और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकासखंड नरहरपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवडोंगर में

■ पालकों को जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, एवं दिव्यांग बच्चों के लिए सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

मेगा पालक-बालक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय, पालक, विद्यार्थी एवं ग्राम समुदाय के बीच आपसी समन्वय और सहभागिता को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद हुआ।

आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत देवडोंगर के सरपंच दुकल सिंह मरकाम, उपसरपंच शैलेन्द्र बघेल सहित जितेन्द्र बघेल, अनिल राय, लोकेश्वरी ठाकुर एवं प्रभा यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के सभी विद्यार्थी, पालकगण तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन को सफल बनाया। बैठक में बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग, पालकों की भूमिका, तथा शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। उपस्थित पालकों को



उनके बच्चों की प्रगति, नियमित उपस्थिति, होमवर्क, अनुशासन एवं सह-पाठयचर्या गतिविधियों की जानकारी दी गई।

पालकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे शाला पोर्टल, डिजिटल डायरी, पढ़ाई तुंहर दुआर, वर्चुअल क्लासेस आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि वे घर पर भी बच्चों की पढ़ाई में तकनीकी सहायता प्रदान कर सकें। अधिकारियों ने उपस्थित पालकों को जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, एवं दिव्यांग बच्चों के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को मिलने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों और शासकीय सहायता योजनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक के उपरांत एक पेड़ माँ के नाम अभियान, जिसके तहत सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, पालकों और विद्यार्थियों ने मिलकर वृक्षारोपण किया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व को सम्मान देना भी रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानपाठक छेदू राम सिन्हा ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील कुमार ध्रुव, कान्हा यादव, संत राम ठाकुर, रामप्यारी कोड़मे, तथा खेमन सुरोजिया ने किया। कार्यक्रम का समापन सभी पालकों, बच्चों और शिक्षकों द्वारा सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि वे शिक्षा, पर्यावरण और समाज निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

# बीईओ ने भानबेड़ा में चार संकुल की समीक्षा बैठक ली व बेहतर कार्य करने का दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

हायर सेकंडरी स्कूल भानबेड़ा में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे ने प्रार्थना सभा में सभी शिक्षकों की प्रतिदिन उपस्थिति एवं बच्चों द्वारा कविता, कहानी, पहेलियां, विशिष्ट व्यक्तियों का परिचय देकर संप्रेषण कौशल सुधारने, शिक्षक डायरी का नियमित लेखन जिसमें पाठ में दर्शित प्राप्त होने वाले दक्षता का उल्लेख करते हुए गतिविधियों का लेखन करने का निर्देश दिया, साथ ही नियमानुसार अवकाश लेने, शैक्षिक कैलेण्डर की जानकारी, शाला स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।



खण्ड स्त्रोत समन्वयक राधे लाल नुरूटी ने सभी प्रधान पाठक को निर्देश दिए कि समय का पालन करते हुए शैक्षिक गतिविधियां कराना है और शौचालय की सफाई, स्कूल रेडीनेस की तैयारी, दीवार पत्रिका,शाला ट्युनिग, प्रिटरिच वातावरण, डिस्प्ले बोर्ड, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान,100 दिन 100 कहानियां, बालवाड़ी, शाला त्यागी बच्चों के लिए 10-12 वीं के ओपन परीक्षा योजना, अपार आई-डी, न्योता भोज, मोबाइल के संयमित व अकादमिक उपयोग को समझाया गया। एबीईओ द्वारा जाति प्रमाण पत्र, युडाईस प्रोग्रेशन, प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नवोदय, प्रयास, एकलव्य के तैयार तथा सिलेबस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया इसके साथ ही एनईपी, क्वालिटी एजुकेशन आईटीसीटी, माध्यमिक शालाओं में बैठक व्यवस्था, बच्चों के लेखन कौशल, बच्चों द्वारा संवैधानिक प्रमुखों के नाम का वाचन प्रतिदिन करना इस पर गहनता पूर्वक कार्य करने प्रधानपाठक को निर्देश दिया। मुंगवाल प्राचार्य टिकेश ठाकुर द्वारा संक्षिप्त उद्बोधन में सारगर्भित बातें बताई गई।

समीक्षा बैठक में कुर्री हायर सेकेंड्री के प्राचार्य छगन लाल नागे, सीआरसी भेजा लीलाधर ठाकुर, सीआरसी कनेचुर नागेन्द्र पाल समरथ, सीआरसी कुर्री कुर्री दिकपाल ठाकुर के अलावा संकुल कुर्री, भेजा, कनेचुर और भानबेड़ा के प्राथमिक एवं माध्यमिक के समस्त प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## युक्तियुक्तकरण के बाद में भी पुड़ोमिचगांव स्कूल को नहीं मिला शिक्षक, पढ़ाई प्रभावित

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल के पुड़ोमिचगांव में एक शिक्षिका पदस्थ है, जहां कि दर्ज संख्या 29है। फिर भी खंड शिक्षा कार्यालय से नए शिक्षक की पदस्थापना नहीं की गई है। युक्तियुक्तकरण के तहत भी नए शिक्षक पुड़ोमिचगांव स्कूल को नहीं मिली है, जिससे पालक परेशान हैं। ग्रामीण मानिक, सोनू, सुशील, रमेश संजय, उमेश, बैसू, संत, मनेश, जगदीश ने बताया कि हमारे गांव में शिक्षक की कमी है, वर्तमान में एक शिक्षिका पदस्थ है। बच्चों की दर्ज संख्या 29 है। एक शिक्षिका के भरोसे 5 कक्षाओं में अध्यापन कार्य कराना संभव नहीं है। शिक्षक की कमी से आधा विषय की पढ़ाई होती है। आधे विषय को बिना पढ़े बच्चे प्रतिदिन वापस घर आते हैं। इस कारण बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रही है। विषयवार शिक्षा नहीं मिलने से बच्चे कमजोर हो रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गूकोंदल से लगातार शिक्षक की मांग कर रहे हैं, लेकिन हमारे गांव के स्कूलों शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई। हमें



उम्मीद थी, कि युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से नया शिक्षक मिलेगा, लेकिन हमारे गांव के स्कूलों का अधिकारियों ने ध्यान नहीं रखा, जिसका खामियाजा हमारे बच्चे झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने 8 अगस्त को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन सौंप कर जल्द नए शिक्षक पदस्थ करने की मांग किया है। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग ब्लाक अध्यक्ष हरेश रावटे, सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के सदस्य दीपक कल्लो ने कहा कि शिक्षकों की कमी होने के बाद भी अधिकारियों ने पुड़ोमिचगांव स्कूल में शिक्षक पदस्थ नहीं किया। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से शिक्षक क्यों नहीं भेजा गया। कुछ शिक्षक दूसरे विकासखंड भेजे गए। क्या अधिकारियों पुड़ोमिचगांव स्कूल में शिक्षक की एक पद रिक्त होने की जानकारी नहीं थी। आदिवासी बच्चों के भविष्य से जानबूझकर खिलवाड़ जा रहा है। यदि जल्द शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई तो आंदोलन करने बाध्य होंगे।

# बीएसएफ जवानों को परलकोट अंचल की बहनों ने राखी बांधी



पखांजुर। पखांजूर स्थित 47 बटालियन बीएसएफ कैंप में रक्षाबंधन के पवित्र पर्व के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मोनिका साहा और ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों ने बीएसएफ के जवानों को राखी बांधी। कमांडेंट विजेंद्र नाथ गंगोली एवं अन्य जवानों को तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाई और जवानों की लंबी उम्र और सुरक्षा के लिए प्रार्थना किया। इस दौरान बहनों ने जवानों से उनके अनुभव सुने और उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पहल जवानों को परिवार से दूर रहने के बावजूद रक्षाबंधन के पावन पर्व का अनुभव करने का अवसर देती है, जिससे उन्हें अपनेपन का एहसास होता है। इस कार्यक्रम के अलावा 47 बटालियन बीएसएफ के कटगांव, महला, मेंड्रा, परतापुर, संगम और मरोड़ा के पास के गांवों की महिलाओं और लड़कियों ने भी कैंप में जाकर जवानों को राखी बांधी और उनकी सलामती की दुआ किया।

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षासेवा ने जुड़े लोगों को बांधी राखी



कांकेर। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज पंडरीपानी की संचालिका बीके रामा दीदी साथी बहनों द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के विशिष्ट वर्ग यातायात प्रभारी दीपक साव और दल के सदस्य, थाना प्रभारी मनीष नागर और टीम, जिला कमांडेंट, फायर अधिकारी संजय मिश्रा और नगर सेना के जवान जिला जेल के बन्दी, दिव्यांग विद्यालय कोटाभाट के सभी विद्यार्थी, प्रभारी अधीक्षक राजकुमार पटेल, नवजीवन नशा मुक्ति केंद्र के जिला समन्वयक मोहनीश पवार और सदस्य, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला कांकेर के अध्यक्ष कौशल सिन्हा, संगठन सचिव टीके जैन, सह मीडिया प्रभारी छगन सिंहा, कांकेर ब्लॉक के अध्यक्ष संयोग साहू, मनोज मराटी एवं अन्य सदस्य, वृद्धा आश्रम की संचालिका बुलबुल बैध और वृद्धजनों को ईश्वरीय रक्षा सूत्र बांध।

अच्छाई को अपना कर बुराई, नशे को छोड़ने का संकल्प कराया। उन्हें समझाया कि हम सब एक ही ईश्वर पिता की संतान आपस में भाई भाई, भाई, बहन है। सभी के प्रति के प्रति हमारा दृष्टि कोण, शुद्ध होना चाहिए। हमारा सबसे बड़ा शत्रु सूक्ष्म विकार काम, क्रोध, लोभ, अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष आदि है। ईश्वर पिता से शक्ति ले हमें इन विकारों पर विजय प्राप्त करनी है।

# राखी मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का किया सम्मान

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंडल के सभी क्लस्टर संगठन के द्वारा एवं क्लस्टर संगठन के अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिला एवं कैडरों के द्वारा विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत स्थित बटालियन के सुरक्षा बलों को रक्षाबंधन के अवसर पर सुरक्षा बल भाइयों की लंबी आयु की कामना करते हुए समूह की महिलाओं द्वारा अपने हाथों से रक्षा सूत्र का निर्माण किया गया था और रक्षाबंधन के एक दिन पहले तक लगभग 1000 राखियां निर्मित की गई है, साथ ही साथ रक्षाबंधन के दिवस पर सभी तैनात सुरक्षा बालों के सिपाहियों को 9 अगस्त 2025 को संबंधित पंचायत के स्व सहायता समूह के द्वारा जाकर रक्षा सूत्र बांधा गया। रक्षाबंधन के एक दिन पहले जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सामुदायिक भवन में जनपद सदस्य एवं सभापति सविता उयके, पूर्व जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा, सीईओ सुरेंद्र बंजारे, एडीशनल सीईओ आरडी ठाकुर, सहायक विकास विस्तार अधिकारी



आरएस मडावी, बीपीएम नंदिनी दीवान की उपस्थिति में राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें समूह की महिलाएं द्वारा अनेक प्रकार की विभिन्न विभिन्न कलर का उपयोग कर सुंदर-सुंदर राखियां बनाई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले समूह का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत स्व सहायता समूह के पीआरपी हीरेश्वरी कोराम, दिनेश्वरी साहू, ममता ठाकुर, निर्मला निषाद, एवं स्वास्थ्य समूह के महिला सदस्य उपस्थित रहे।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202508140400010 / अ-6/2024-25

**उदघोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कन्हैया लाल सेवानी पिता स्व. मोरंदमल सेवानी निवासी भोईपारा, सुभाष वार्ड, कांकेर के द्वारा भोईपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 12 डी. प्लाट नं. 22, क्षेत्रफल 244 व.मी., कच्चा मकान मय फेसिंग, शिवलाल, सियाराम पिता देवसिंग गंधर्व निवासी कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है।

आवेदक द्वारा उक्त भूमि में से क्षेत्रफल 1296 वर्गफुट को दिनांक 24.07.1974 को क्रय किया गया है। आवेदक व्दारा उक्त भूमि का सीमांकन एवं कब्जे के आधार पर क्षेत्रफल 48 वर्गमीटर या 517 वर्गफुट भूमि पर नाम दर्ज करने तथा शेष भूमि का दावा छोड़ने नक्शा, मेन्टेनेंस खसरा, विक्रय पत्र की छायाप्रति, न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश का आदेश सीमांकन प्रतिवेदन सहित छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 05/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य सेवा सुचारु चलाने ज्ञापन सौंपा

**दुर्गकोंदल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीण परेशान होते रहते है। स्वास्थ्य सुविधा बदहाल हो चुकी है, जिसको सुचारू रूप से सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कांग्रेस नेताओं के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, रजमन कवाची, नरेंद्र जैन ,महेश दुग्गा , सियाराम, उदय पुरामें, करण मांझी, दीनदयाल पटेल, जीवन उईके, सूकचंद प्रजापति, तोरण दुग्गा, एवं कांग्रेस के सभी संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा महिलाओं मोर्चा ने जवानों को बांधी राखी

**कापसी।** भाजपा महिला मोर्चा पखांजूर की कार्यकर्ताओं ने शनिवार 9 अगस्त को रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में पार्षद मोनिका साहा के नेतृत्व में पुलिस थाना पहुंचकर जवानों की कलाई में राखी बांधी। बहनों द्वारा राखी बांधने पर जवानों ने भावुक होकर कहा हम अपने घर परिवारों से दूर रहकर तैनात रहते हैं, लेकिन रक्षाबंधन के पर्व पर महिला मोर्चा के बहनों द्वारा हमारी कलाइयों को सजाकर इस कमी को दूर किया। पार्षद मोनिका साहा ने कहा हमारे पुलिस जवान अपने घर परिवार से दूर रहकर जी-जान देकर हमारे तथा राष्ट्र की सुरक्षा करते हैं। इस अवसर पर संगीत कांगे, दीप्ति साहा, मनीषा ढाली, गीता रानी हालदार, दीपाली मंडल आदि उपस्थित रहे।

### पालकों की बैठक में कई विषयों पर की चर्चा

**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप ड्राप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका सुनिश्चित करने जैसे मुख्य उद्देश्य को लेकर अभिभावकों की उपस्थिति में बैठक हुई। शासकीय हाई स्कूल आमागढ़ में रामप्रसाद दुग्गा ग्राम पटेल, शिवचरण निषाद वार्ड पंच, प्रभु राम दर्रो वार्ड पंच, शिवलाल निषाद, कार्तिक राम तारम, हंसराज उइके, तुलसी राम पददा की उपस्थिति में प्राचार्य उदेराम भूआर्य ने बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा करते हुए जानकारी देते हुए सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाप भी उपस्थित रहे।

## निधन

### चमरूराम कल्लो

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम तुमरीसुर निवासी 110 वर्षीय चमरूराम कल्लो का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम तुमरीसुर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी, रिश्तेदार उपस्थित थे। वे भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल महामंत्री रामचंद्र कल्लो के बड़े पिता थे।



## दिवस : आदिवासी समाज ने पखांजूर में मनाया विश्व आदिवासी दिवस, एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

# बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना व ध्वजारोहण कर रैली निकली, आदिवासी समाज के हजारों लोग पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय आयोजन पखांजूर के सुभाषचन्द्र बोस स्टेडियम में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला भर से सर्व आदिवासी समाज के लोगों ने पखांजुर पहुंच इस आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर अधिकांश आदिवासी समाज के युवक और युवतियों ने पंरपरागत परिधानों और तीर धनुष के साथ पहुंचे और इस आयोजन में अपनी संस्कृति की छाप छोड़ी। यह आयोजन पखांजूर में बंग समाज बाहुल क्षेत्र में होने के कारण पुलिस प्रसासन ने सुरक्षा की पुखता व्यवस्था किया था। इस अवसर पर आदिवासी सामज द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें अधिकांश मांगे स्थानिय थी। पखांजूर में 9 अगस्त को जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन आदिवासी समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में जिला भर के सभी ब्लाक से करीब 40 हजार से अधिक समाज के लोग जुट अपनी संस्कृत्ति और अपने परंपरागत परिधान हथियारों का प्रदर्शन किया और लोगों को प्रकृति से जुड़ी आदिवासी संस्कृति के संबंध में बताया। इस अवसर पर समाज द्वारा नगर में रैली का भी आयोजन हुआ। दोपहर 12 बजे आयोजन शुरू हुआ जिसके करीब एक घंटे बाद ही रैली निकाली गई। रैली पखांजूर स्थित स्टेडियम से शुरू हुआ और नया बाजार होते हुए पुनः स्टेडियम पहुंच समाप्त हुई जिसके बाद सभा का शुभारंभ हुआ। इस दौरान आदिवासी सामाज के प्रतिनिधियों सहित आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक सावित्री मंडावी, सर्व आदिवासी समाजत के अध्यक्ष कन्हैया उसेंडी, मंतूराम पावर, सिया राम पुड़ो, मैनी कचलामी, बल्ली राम, सूरज इक्का, अर्जुन नरवास, सहूंगी नूरेटी, किशोर नाग, मन्नू नेताम, राकेश पोटाई, बिनु राम, शंभु सलाम, विनोद कुमेटी, गणेश दरपट्टी,मनकू नेताम एवं अन्य ने भी अपने विचार रखे। समाज की संस्कृति में लगातार हो रहे हमले पर समाज ने गंभीता से मंथन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यही होता रहा तो एक दिन बस्तर से आदिवासी संस्कृति ही समाप्त हो जाएगी। साथ ही समाज द्वारा शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया गया। सभी से अपील किया गया कि अपने अन्य संसासधों में कटौती करे, पर बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाए, तभी उनके समाज संस्कृति और संविधान से मिले अधिकारों की रक्षा होगी। भाजपा जिला मंत्री मोनिका साहा एवं अन्य महिलाओ द्वारा रैली में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।





### समाज ने 15 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

समाज द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर को प्रदेश के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। माँगो में परलकोट क्षेत्र में बसे अवैध घुसपैठियों नियम के तहत तत्काल हटाने की मांग की गई, शासकीय सिविल अस्पताल में ब्लड बैंक की सुविधा शुरू करने, पखांजूर में कोचिंग सेंटर शुरू करने, पखांजुर गोंडवाना भवन के पास दस नग गोडयाना कॉम्पलेक्स निर्माण करने, कोयलीबेड़ा में महाविद्यालय की मांग संगम मरोडा में छात्रावास की मांग, बड़गांव, संगम, कोयलीबेड़ा तथा छोटेबेठिया में जिला सहकारी बैंक की मांग, आदिवासी के पट्टा में धान कोचियों द्वारा बेची जा रही धान की जांच और आरोपियों पर कार्यवाही की मांग आदिवासी समाज की युवतियों से विवाह उनकों चुनाव लड़वा पद हथियाने के मामले में उचित कार्यवाही करने, आदिवासियों के कब्जे तथा वन भूमि में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने और कार्यवाही करने की मांग सहित पखांजूर कोयलीबेड़ा में दूर दराज से आने वाले आदिवासियों के लिए विश्रामगृह खोलने जैसे मांग किया गया।

## दुर्गूकोदल के गांव-गांव में विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**दुर्गूकोदल।** विश्व आदिवासी दिवस हर साल 9 अगस्त को मनाया गया और कांकेर में जिला स्तरीय कार्यक्रम पखांजूर में आयोजित किया गया था। यह दिन आदिवासी समुदायों के अधिकारों, उनकी सांस्कृतिक विरासत और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। विकासखंड के गाँव गाँव में पर्व को धूमधाम से मनाया गया। विश्व आदिवासी दिवस पर अंचल के गांवों में आदिवासी समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजजनों ने इष्ट देव की पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही घर के आंगन में दीपक जलाकर पर्व की शुरुआत किया। ग्राम महेंद्रपुर सटेली में सर्व आदिवासी समाज ने शीतला मंदिर प्रांगण में पर्व को धूमधाम से मनाया। समाज के ग्रामीण महिला और युवा प्रभाग के सदस्य बूढ़ादेव स्थल में एकत्रित होकर प्रकृति शक्ति बूढ़ादेव की सेवा अर्जी विनती कर रैली निकाली । ग्राम गायता विक्रम नरेटी ने कहा विश्व आदिवासी दिवस हर साल 9 अगस्त को दुनिया के मूल निवासियों के अधिकारों के समर्थन और संरक्षण के लिए मनाया जाता है। आज का दिन पर्यावरण संरक्षण जैसे बेहतर विश्व के निर्माण की दिशा में दुनिया भर के आदिवासी समुदायों के महत्वपूर्ण योगदान और उपलब्धियों को स्वीकार करने का भी दिन है। इस मौके पर राऊरवाही सरपंच बलराम टेपरिया,नाथूराम नरेटी, छत्तरसिंह नरेटी, बजेश्वर नरेटी,अवधेश नरेटी,नरेंद्र नरेटी,लखन नरेटी,जगदीश नरेटी, रामचरण उयके उपस्थित रहे।




### बारगांव में पर्व धूमधाम से मनाया

ग्राम पंचायत हाटकोंदल के आश्रित ग्राम बरगांव गांव में इष्ट देव की पूजा अर्चना कर विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। स्कूलों व छात्रावास में बच्चों को दिवस को लेकर जानकारी दी गई। आदिवासी समाज के अध्यक्ष सरोज मंडावी ने कहा यह आदिवासियों को इनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने और उन्हें मुख्य धारा में लाकर उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए चहुंमुखी प्रयास के लिए प्रण लेने का दिन है। छत्तीसगढ़ में वन और सदियों से निवासरत आदिवासी राज्य की विशेष पहचान रहे हैं। प्रदेश के लगभग आधे भू-भाग में जंगल है, जहां मेला-महोत्सव के जरिए गौरवशाली आदिम संस्कृति फूलती-फलती रही है। इस मौके पर हाटकोंदल सरपंच हरिषा मंडावी, परमेश गढ़िया, पवन रावटे, मानसिंह भोज .पंकज, सियाराम, चुम्मन, लकेश,अरुण ,कामराज, हनुमंत नारायण सिंह, बलिराम गोटी,रंजीत नेताम आदि उपस्थित रहे।



### भव्य रैली निकालकर विश्व आदिवासी दिवस मनाया

ग्राम पंचायत हाटकोंदल के आश्रित ग्राम भीरावाही में नदियापारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नदियापारा से रैली निकाली गई। यह रैली नयापारा, बीचपारा होते हुए वापस नदियापारा पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। आदिवासी समाज के अध्यक्ष बिसाऊराम ने कहा कि आदिवासियों के हितों में काम नहीं हो रहे है।आदिवासियों कि लिए संरक्षित जल, जंगल व जमीन उजड़ते जा रहे है। समय रहते शासन-प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दौरान सरपंच हिरेसिंग दर्रो,संतराम चुरेन्द्र,पुसऊराम दुग्गा,श्रीमान रावटे, संतु धुर्व,विजय विश्वकर्मा, त्रीलोक रावटे, धनसिंग आदि मौजूद रहे।

# लखनुपरी एनएच तीस पर हुआ हादसा, बाइक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनपुरी में पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। घटना की खबर पुलिस को मिली। मौके पर पुलिस पहुँचकर शव को पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा भेजा गया, वहीं उसके परिजनों को भी खबर की गई।

जानकारी के अनुसार कांकेर से चारामा की ओर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीएम 4621 में जा रहे युवक को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चारामा पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान निर्मल कुमार निवासी खरियार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चारामा थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने बताया कि पेट्रोल पंप से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन की पहचान हो गई है, परंतु नंबर स्पष्ट नहीं होने के कारण समय का निर्धारण करते हुए टोल टैक्स के सीसीटीवी कैमरे को खंगालने के लिए टीम भेजा गया है। टोल टैक्स से जानकारी मिलने के बाद आरोपी वाहन के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।



### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक गंभीर

**कांकेर।** कुरना का ग्रामीण कांकेर शहर के मांझापारा में रहकर काम करता था, विगत दिनों कुरना से लौटते समय अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था, जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया था। पड़ोसी ने एक माह बाद पुलिस को जानकारी दिया, उसके उपरांत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँची माँझापारा निवासी 52 वर्षीय गंगा बाई पति स्व. कांशीराम ने पुलिस को बताया कि मेरे पड़ोस में रहने वाले 65 वर्षीय लछिन्दर साहू निवासी कोटेला जो वर्तमान मे किराए के मकान मे मेरे पड़ोस में रहता है। निजी काम से 3 जुलाई को मोटर सायकल से कोटेला गया था और वापिक कांकेर मांझापारा आते समय दोपहर को करीबन 2 बजे कुरना के पास अज्ञात वाहन का चालक अपने वाहन को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। एक्सीडेन्ट से लछिन्दर साहू को चोट आने से बेहोश हो गया, कुछ देर बाद होश आने पर स्थानीय लोगो के द्वारा ईलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया। घटना के बारे में मुझे भी पता चलने पर मैं जिला अस्पताल जाकर देखी तो लछिन्दर साहू के दोनो पैर मे गंभीर चोट आया था, जिसका अभी तक ईलाज चल रहा है। घटना दिनांक को ईलाज के लिए लछिन्दर साहू को भर्ती कराने से रिपोर्ट लिखाने नही आ पाई, जिसकी वजह से रिपोर्ट लिखाने में देरी हुई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामला दर्ज किया है।

# रक्षाबंधन का त्योहार अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल मुख्याललय एवं विभिन्न ग्रामीण अंचलों के साथ साथ बीएसएफ कैम्पों में शनिवार को रक्षाबंधन का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, भाईचारे, सामुदायिक सद्भावना और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। प्रकृति की गोद में बसी जनजातीय बस्तियों में शनिवार को दो पवित्र अवसरों विश्व आदिवासी दिवस और रक्षाबंधन का अद्भुत संगम देखने को मिला। धरती माता के संरक्षक कहे जाने वाले जनजातीय समुदाय ने इसे पर्यावरण प्रेम, सांस्कृतिक गौरव और भाई-बहन के अटूट स्नेह के उत्सव में बदल दिया। पारंपरिक वस्त्रों व प्राकृतिक आभूषणों से सजे बहनों और भाइयों ने परिवार के साथ एकत्र होकर विरासत व प्रेम के इस बंधन को हर्षोल्लास के साथ मनाया। रक्षाबंधन एक बहुत ही खास भारतीय पर्व है जो भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। पर्व के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर,उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की प्रार्थना किए, वहीं भाई अपनी बहनों को उपहार में नकद राशि,वस्त्र आदि उपहार में देते हुए उनकी हमेशा ख्याल रखने का वचन दिए। बीसएफ कैम्पों में भी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सैनिकों को राखी बांधकर घर से दूर रहने की दर्द को समाजिक सद्भाव के साथ दूर करते हुए खुशियां बांटी।



### सरोना तहसील के गांवों में रक्षाबंधन का पर्व मनाया

**सरोना।** सरोना तहसील के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गाँवों मुड़पार, सलहेभाट, चोरिया, दलदली, मालगांव, ठेमा, रावस, निशानहर्रा, लेंडरा, देवरी मनिकपुर, बुदेली, कन्हनपुरी, धनेसरा, भैसमुड़ी, अभनपुर ,पेंड्रावन चिहारीपारा, शामतरा एवं अन्य गांव में रक्षाबंधन का पर्व इस वर्ष अत्यंत हर्षोल्लास, परंपरा और भाईचारे के साथ मनाया गया। यह त्यौहार भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के रिश्ते को और भी सशक्त और भावनात्मक बनाने वाला प्रमुख पर्व है, जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूरे श्रद्धा-भाव और उत्साह के साथ मनाया गया। त्यौहार के अवसर पर ग्रामीण घरों में पारंपरिक पकवान जैसे पूड़ी, कढ़ी, खीर, सेवईं आदि तैयार किए गए। बच्चे मिठाइयों और उपहारों को लेकर अत्यंत उत्साहित नजर आए।



### फुटबॉल मैच में 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की जीत

**अंतागढ़।** 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ और 33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केंवटी के बीच तुमापाल खेल मैदान पर एक रोमांचक फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। दोनों टीमों के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबला देखने को मिला, किन्तु 28 वीं वाहिनी ने अनुशासित खेल और उत्कृष्ट समन्वय का प्रदर्शन करते हुए 6-3 से शानदार जीत दर्ज किया। तुमापाल के खेल मैदान में आयोजित मैच के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और परस्पर सहयोग का परिचय दिया, जो कि सशस्त्र सीमा बल की कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। खेल ने जवानों के मध्य आपसी मन्वय, टीम भावना और मनोबल को नई ऊंचाई दिया।



(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
▸पॉली ट्रॉमा
▸मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
▸कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
▸पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
▸हड्डियों से मवाद रिसना
▸ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

स्वामी जी-93408-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवतटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक 18.08.2025
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411